हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 जाम, गंदगी और बदहाल बाथरूम, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड की बदहाली से मुसाफिर परेशान





# कुत्ते की आवाज सुनकर बाहर निकली, हाथियों ने महिला को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बाकरुमा वन परिक्षेत्र के रैरुमा खुर्द गांव में बीती रात हाथियों के झुंड ने जबरदस्त उत्पात मचाया। 12 हाथियों का यह दल गांव में घुस आया और 65 वर्षीय महिला फुलमेत मांझी को घर से बाहर पटक-पटक कर मार डाला। महिला की मौत के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन रोकथाम के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



घटना मांझीपारा मोहल्ले की है। जानकारी के अनुसार फुलमेत मांझी घर में थी। अचानक कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर जब वह बाहर निकली तो उनका सामना हाथियों से हो गया। हाथियों ने पहले घर को तोड़ा और फिर महिला को पकड़कर करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए पटक-पटक कर मार डाला। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद हाथियों ने आसपास की फसलों और घरों को भी नुकसान पहुंचाया। वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि हाथियों का यह दल पत्थलगांव रेंज से होकर रैरुमा क्षेत्र में आया था।

### गांव में कराई गई थी मुनादी

हाथियों की आमद की जानकारी मिलने पर गांव में मुनादी कराई गई थी और ग्रामीणों को घर खाली कर जंगल की ओर डेरा डालने की सलाह दी गई थी। अधिकांश लोग सुरक्षित स्थानों पर चले भी गए थे, लेकिन मृतका महिला घर में ही रुक गई थी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभाग की ओर से मृतका के परिजनों को तत्कालीक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपये प्रदान किए गए हैं।

### ग्रामीणों में दहशत

क्षेत्र में लगातार हाथियों की आमद से ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बाकरुमा रेंज और आसपास के इलाकों में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। कभी फसलों को चौपट कर देना, कभी घरों को तोड़ना और अब इंसानी जान लेना आम हो गया है। लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से हाथियों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही उचित व्यवस्था नहीं की गई तो ग्रामीण क्षेत्र से पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे कर्मचारियों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**रायगढ़।** आल इंडिया रेलवेमैन फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को रायगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे कर्मचारियों ने आठवे केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना आयोजित किया। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी नाराजगी को प्रभावी रूप से व्यक्त किया। कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार ने पहले ही आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लंबे समय से वेतन सुधार की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों ने इसे सरकार की संवेदनहीनता और अनदेखी करार दिया। उनका मानना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के दौर में यह लापरवाही उनके लिए गंभीर आर्थिक समस्याएँ पैदा कर रही है। धरने में शामिल कर्मचारियों ने विशेष रूप से कहा कि उनके वेतन में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न होने से परिवारिक खर्चों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। कई कर्मचारियों ने बताया कि उनका जीवन यापन कठिन होता जा रहा है, जबकि महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। इस धरने के दौरान कर्मचारियों ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि आठवें वेतन आयोग का गठन तुरंत किया जाए, ताकि वेतन सुधार के जरिए उन्हें राहत मिल सके और उनका आर्थिक बोझ कम हो। रायगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार के प्रति अपनी मांग स्पष्ट की और चेतावनी दी कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आगामी दिनों में और बड़े आंदोलन की संभावना है।

### नगर निगम और एजेंसी की लापरवाही, नसबंदी अभियान बना सिर्फ कागजी खेल

# नसबंदी के कुछ घंटे बाद ही छोड़े जाने से आवारा कुत्तों की जिंदगी खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में आवारा कुत्तों की नसबंदी अभियान में हो रही लगातार मनमानी ने उनकी जान को खतरे में डाल दिया है। नसबंदी के बाद कई कुत्तों के ऑपरेशन के टांके खुल रहे हैं और वे गंभीर पीड़ा झेल रहे हैं। स्थानीय पशु प्रेमियों और लोगों का आरोप है कि एजेंसी सिर्फ काम की संख्या पूरी करने में लगी है और कुत्तों की देखभाल की जिम्मेदारी बिल्कुल नजरअंदाज कर रही है।

रायगढ़ में पिछले कुछ दिनों से बाड़ा बनाकर आवारा कुत्तों की नसबंदी हो रही है। भिलाई कि एजेंसी के कर्मचारी इस काम को कर रहे हैं। लेकिन इस काम में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। लापरवाही को लेकर हमने शुक्रवार के अंक में खबर का प्रकाशन किया था। वहीं दूसरे रोज भी लापरवाही का सिलसिला चलता




हरिभूमि फॉलोअप

रहा। शहर के रामभांटा इलाके में एक आवारा कुत्ता देखा गया। कुत्ते की नसबंदी ताजा थी। जिसमें से टांके खुल गए थे। ऐसे में कुत्ता वहां तड़प रहा था। बाद में पशु प्रेमियों ने उसका इलाज कराया। इस दौरान पशु प्रेमियों ने कहा कि नगर निगम तुरंत कुत्तों के लिए चिकित्सा, सुरक्षित बाड़े और निगरानी सुनिश्चित करे। नहीं तो नसबंदी अभियान को बंद करे।

### टांके खुल रहे, कुत्ते तड़प रहे

स्थानीय लोगों ने बताया कि नसबंदी के बाद कुत्तों को छोड़ दिया जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों में ऑपरेशन के टांके खुल जाते हैं। संक्रमण और गंभीर चोटों से जूझ रहे ये कुत्ते पर्याप्त देखभाल के अभाव में दर्द सह रहे हैं। अगर ऐसी ही स्थिति रही तो नसबंदी के बाद आवारा कुत्ते तेजी से मरने लगेंगे।

### एजेंसी सिर्फ नंबर पूरा कर रही है

पशु संगठनों और नागरिकों का आरोप है कि एजेंसी की प्राथमिकता कुत्तों की सुरक्षा नहीं, बल्कि काम की संख्या पूरी करना है। कई कुत्तों की हालत इतनी खराब हो गई है कि उन्हें तुरंत चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत है, लेकिन एजेंसी की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### निगम की जिम्मेदारी!

नगर निगम पहले यह सुनिश्चित करने का दावा करता था कि ऑपरेशन के बाद पशुओं की देखभाल होगी। लेकिन हकीकत यह है कि कुत्तों को खुले में छोड़ दिया गया और उनकी सुरक्षा व इलाज की कोई व्यवस्था नहीं की गई। ऐसे में नगर निगम भी सवालों के घेरे में आ गया है।

### इंस्टाग्राम में दोस्ती, छात्रा से अनाचार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में नर्सिंग छात्रा से दोस्ती कर छात्रा से अनाचार कर युवक ने वीडियो बना लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरदस्ती संबंध बनाता रहा। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जांजगीर क्षेत्र की रहने वाली छात्रा सरकण्डा क्षेत्र में रहती है। इसी दौरान उसका इंस्टाग्राम के माध्यम से जांजगीर नरियरा निवासी हिमांशु रात्रे से दोस्ती हो गई। छात्रा अपने घर गई तो हिमांशु ने उसे मिलने के लिए बुलाया और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया और वीडियो बनाकर रख लिया। 12 सितंबर को हिमांशु मिलने के लिए हास्टल आया और संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। छात्रा के मना करने पर युवक ने उसके साथ जमकर मारपीट की। वहीं दूसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र में रहने वाली एक युवती की आटो चालक कुम्हारपारा चांटीडीह निवासी अरविंद यादव पिता बहोरिक यादव 37 साल से जान पहचान हो गई। युवक ने शादी करने का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाया।

# लौकी छीलने से किया मना बड़ी बहन ने की छोटी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घरेलू विवाद के चलते अपनी ही छोटी बहन की हत्या करने के मामले में रायगढ़ जिला अदालत ने बड़ी बहन को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सनसनीखेज मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र के पतरापाली का है। जानकारी के मुताबिक दीनदयाल महतो की तीन बेटियां थीं। बड़ी बेटी रेखा का विवाह हो चुका था। जबकि 20 वर्षीय नेहा और छोटी बहन रंजीता अपने माता-पिता के साथ रह रही थीं। नेहा घर के काम करती थी और रंजीता सिलाई का काम करती थी। नेहा अक्सर घरेलू काम में सहयोग करने को कहती थी, लेकिन रंजीता टाल देती थी। 24 अप्रैल 2024 की रात भी ऐसा ही हुआ। नेहा ने रंजीता से लौकी छीलने और खाना बनाने को कहा। लेकिन उसने मना कर दिया। गुस्से में नेहा ने रसोई में रखे लोहे के खलबट्टे से रंजीता के सिर पर दो वार कर दिए। रंजीता की मौत हो गई। इसके बाद उसने शव को कंबल से ढककर सोने का बहाना बनाया। अगले दिन पिता ने बेटी को मृत अवस्था में देखा और पुलिस को सूचना दी। जांच में पता चला कि नेहा ने ही बहन की हत्या की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन की अदालत ने नेहा को धारा 302 और 201 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में लोक अभियोजक पीएन गुप्ता ने पक्ष रखा।

**खास बात**
- रायगढ़ कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा



## खबर संक्षेप

### अब तक शुरू नहीं हो पाया अंगीकार अभियान

**पुसौर।** प्रधानमंत्री अंगीकार अभियान 2025 पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों में तेजी से संचालित हो रहा है, लेकिन पुसौर नगर पंचायत में यह अभियान अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यह स्थिति तब है, जब पुसौर नगर पंचायत विकास कार्यों के लिए सबसे अधिक शासकीय राशि प्राप्त करने वाले निकायों में शामिल है। इसके बावजूद यहां शासन की प्राथमिकता वाले इस विशेष अभियान की शुरुआत नहीं होने से स्थानीय लोगों और प्रतिनिधियों में आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश नगरीय निकायों में यह अभियान सक्रिय है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और पीएम स्वनिधि योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं को जोड़ते हुए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है। साथ ही इस अभियान को स्वच्छता पखवाड़ा से भी जोड़ा गया है, जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। जब इस अभियान के बारे में नगर पंचायत के कई पार्षदों से जानकारी ली गई तो उन्होंने साफ कहा कि उन्हें इस अभियान की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि पुसौर नगर पंचायत स्तर पर न तो जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है और न ही अभियान को लेकर कोई ठोस पहल अब तक हुई है। इस मामले में नव पदस्थ नगर पंचायत सीएमओ ललित साहू ने बताया कि अभियान को शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए बैनर-पोस्टर तैयार किए जा रहे हैं और शीघ्र ही पुसौर में भी प्रधानमंत्री अंगीकार अभियान का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### कुनकुरी नगर को मिलेगी नई पहचान

**जशपुरनगर।** राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट



प्रावधान अंतर्गत कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र में अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत छठघाट तालाब के विकास कार्य के लिए 5 करोड़ 17 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। छठघाट तालाब होगा सुसज्जित- इस स्वीकृत राशि से तालाब का सौंदर्यीकरण, किनारों का सुदृढ़ीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। इसके पूरा हो जाने पर छठघाट तालाब न सिर्फ धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टि से और भव्य होगा, बल्कि नगर की खूबसूरती और पहचान भी बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक जिले और नगर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। जशपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर नगरों की अधोसंरचना तक हर क्षेत्र में योजनाबद्ध ढंग से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठघाट तालाब का विकास कुनकुरी नगर की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा और आने वाले समय में यह नगरवासियों के लिए गौरव का प्रतीक बनेगा।

### बैडमिंटन युगल के विजेता बने आलोक- गौरव

**पत्थलगांव।** अग्रसेन जंयती के बैडमिंटन स्पर्धा के युगल मैच में



लगातार तीसरी बार आलोक एवं गौरव की जोड़ी ने नीरज एवं विनय की जोड़ी को हरा कर विजेता बने। आपको बता दे अग्रसेन जयंती में यह आलोक और गौरव की जोड़ी ने लगातार तीसरी बार नीरज और विनय की जोड़ी को हरा कर खिताब में कब्जा बनाए रखा है।

### गौरवमयी यात्रा : जशपुर में शिक्षा का नया अध्याय

**जशपुरनगर।** शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक से नियमित होने तक की यात्रा तीन वर्षों में पूरी हुई और 3 सितम्बर 2025 को जशपुर जिले के शिक्षकों के लिए वह ऐतिहासिक क्षण आया, जब उन्हें नियमित घोषित किया गया। यह निर्णय न केवल शिक्षकों के जीवन में स्थिरता और सम्मान लेकर आया, बल्कि शिक्षा जगत में नई ऊर्जा का संचार भी कर गया।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक श्रमिकों की जांच





**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा आज ग्राम पंचायत आरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष जशपुर गंगाराम भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मोबाइल मेडिकल यूनिट लगाई गई, जिसमें श्रमिकों का बीपी, शुगर, मलेरिया, बुखार एवं खून की जांच कर निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही श्रमिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत आरा और लोदाम में आयोजित पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर में 160 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। श्रम विभाग द्वारा 12 से 19 सितंबर तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविरों के माध्यम से अब तक 1000 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री सिंह, श्रीमती शोभावती साय, ग्राम पंचायत आरा सरपंच मनोज भगत, डॉक्टर आयुषी तिर्की, श्रम पदाधिकारी श्री मिलन कुमार राठिया सहित स्वास्थ्य एवं श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### घरेलू विवाद ने लिया खौफनाक रूप, ग्राम आगडीह में फैली सनसनी

# कलयुगी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रिश्तों के संसार को हिला देने वाली घटना ने जिले को स्तब्ध कर दिया है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम आगडीह में एक बेटे ने अपने ही पिता को पत्थर से मारकर मौत के घाट उतार दिया। पारिवारिक विवाद से उपजे गुस्से ने बेटे को इस हद तक पहुंचा दिया कि उसने अपने जन्मदाता की ही जान ले ली।

- पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर भेजा जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**पुलिस अधिकारियों की भूमिकाः** इस पूरे मामले की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार तिवारी, एएसआई विपिन किशोर केरकेट्टा, एएसआई मनोज भगत, आरक्षक विनोद तिर्की और नगर सैनिक थानेश्वर देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**मामले की विवेचन जारीः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा, "ग्राम आगडीह में बेटे ने पिता की पत्थर से हत्या की है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की विवेचना जारी है।

**सुबह गांव में फैली सनसनीः** सुबह जब मृतक का भाई रविशंकर राम खेत से लौटकर आया तो उसकी पत्नी ने बताया कि रात में फिर पिता-पुत्र में झगड़ा हुआ था और दीपक ने बंधु राम की हत्या कर दी है। कुछ ही देर में गांव के लोग भी इकट्ठा हो गए और शव को गांव के एक घर के सामने पड़ा देखकर सनसनी फैल गई। देखते ही देखते पूरा आगडीह गांव घटना स्थल पर उमड़ पड़ा। गांव वालों ने कहा कि उन्होंने अक्सर पिता-पुत्र को झगड़ते सुना था, लेकिन ऐसी नौबत आ जाएगी, यह किसी ने सोचा भी नहीं था।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी ने कबूला गुनाहः** घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डॉक्टर की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में सिर और कनपटी में लगी गंभीर चोट को ही मौत का कारण बताया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर को जब्त कर लिया।पूछताछ में आरोपी दीपक ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता उसे रोजाना काम न करने पर डांटते थे और बार-बार ताने देते थे। इसी बात से परेशान होकर उसने गुस्से में यह कदम उठा लिया।

**आरोपी जेल भेजा गयाः** पुलिस ने पर्याप्त सबूत जुटाने के बाद आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती बनी खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सोशल मीडिया पर नाबालिग छात्राओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। जिले के बगीचा थाना क्षेत्र से सामने आए मामले ने अभिभावकों के साथ-साथ पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती कब दुष्कर्म की दर्दनाक घटना में बदल गई, इसका अंदाजा नाबालिग छात्रा और उसके परिजनों को भी नहीं था। आरोपी युवक दो दिनों तक छात्रा को जंगल और मंदिर में छिपाकर रखता रहा और दैहिक शोषण करता रहा।

- जंगल और मंदिर में डेरा,आरोपी गिरफ्तार

### दिन में जंगल, रात को मंदिर

दो दिनों तक आरोपी ने छात्रा को दिनभर जंगल में और रातभर राजपुरी मंदिर में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान लगातार उसका दैहिक शोषण किया गया। 15 सितंबर को आरोपी छात्रा को अपने गांव पोस्कट ले गया।

### आरोपी को किया गया गिरफ्तार

एसडीओपी दिलीप कोसले ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 64(2एम), 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5 व 6 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# दो स्कूटी चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** थाना कुनकुरी पुलिस ने स्कूटी चोरी की घटना का खुलासा कर दो आदतन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से चोरी की गई स्कूटी बरामद कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

प्रार्थिया ऊषा बाई, निवासी चराईडांड ने 15 सितम्बर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि 1 सितम्बर की रात वह अपने परिवार के साथ भजन-कीर्तन हेतु गांव के गणेश पंडाल गई थी। रात लगभग 11 बजे वह अपनी सासु मां को घर छोड़ने आई उस समय उसकी स्कूटी क्रमांक सीजी-14-एमएल-1584 घर के आंगन में खड़ी थी।



पुलिस गिरफ्त में स्कूटी चोरी के दोनों आरोपी।

**आरोपियों ने किया अपराध कबूलः** पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बस से चराईडांड पहुंचे थे। रात में चोरी की नीयत से इधर-उधर घूमते हुए उन्हें घर सुनसान मिला। उन्होंने घर का ताला तोड़ा भीतर रखी स्कूटी की चाबी उठाई और मौके का फायदा उठाकर स्कूटी चुरा ले गए।

**आदतन अपराधी निकले दोनों चोरः** पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ थाना कुनकुरी, नारायणपुर, तपकर और जशपुर में चोरी, लूट और मारपीट जैसे कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। ये दोनों पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।

### पुलिस की त्वरित जांच और सूचना तंत्र सक्रिय

रिपोर्ट के आधार पर थाना कुनकुरी में चोरी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और लगातार आरोपियों की तलाश जारी रखी।जांच के दौरान पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि चोरी हुई स्कूटी पर ग्राम कंडोरा निवासी संदीप यादव (28 वर्ष) और ग्राम खारिझरिया निवासी राजकुमार यादव (36 वर्ष) गिनाबहार-भट्टी रोड पर घूम रहे हैं। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। उनके कब्जे से चोरी की स्कूटी सीजी-14-एमएल-1584 भी बरामद कर ली गई।

# केराकोना—बैगाटोली में ईब नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में जिले में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है।

- समय सीमा में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश

बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दी है। इसी कड़ी में 5 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से अब केराकोना से बैगाटोली मार्ग पर ईब नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है।



**राहगीरों को मिलेगी बड़ी राहतः** पुल के बन जाने से राहगीरों को आवागमन में सुगमता होगी। लंबे समय से ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों को बारिश के मौसम में नदी पार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पुल के निर्माण से अब लोगों को सालभर सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

# टीसीआई चौक के पास प्रदूषित पदार्थों से भरे जा रहे नाले

**राउरकेला।** वेदव्यास क्षेत्र के निकट टीसीआई चौक के पास नालों में प्रदूषित पदार्थों से भरे जाने का मामला गंभीर होता जा रहा है। कोयले के चूरे और राखड़ से भरे इन गड्ढों से न केवल आसपास की मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि पानी दूषित होने का भी खतरा बढ़ गया है। हैरानी की बात यह है कि यह स्थान मुख्य सड़क के किनारे स्थित है, जहां प्रशासनिक अधिकारियों का रोजाना आना-जाना लगा रहता है, लेकिन अब तक किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि संयंत्रों से निकले अपशिष्ट पदार्थों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (ओएसपीसीबी) की गाइडलाइन के अनुसार सुरक्षित तरीके से निष्पादित करना जरूरी है। लेकिन कुछ रसूखदार ठेकेदारों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम इन पदार्थों को नालों और गड्ढों में डाला जा रहा है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है और लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीयों का कहना है कि इस मुद्दे की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक न तो ओएसपीसीबी ने कोई संज्ञान लिया है और न ही तहसील प्रशासन ने। इससे यह सवाल उठने लगा है कि कहीं प्रशासन और ठेकेदारों के बीच सांठगांठ तो नहीं है।

# कलूंगा—बोनई रोड पर गड्ढे ही गड्ढे, यात्रियों को परेशनी

**राउरकेला।** पीडब्ल्यूडी राउरकेला एक बार फिर चर्चाओं में है। हाल ही में लगभग 39 करोड़ की अनुमानित लागत से बनाई जा रही कलूंगा—बोनई रोड बारिश में ही टूट-फूट का शिकार हो गई। सड़क पर बड़े पैमाने पर दरारें और गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। इससे न केवल विभागीय कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं, बल्कि ठेकेदार और इंजीनियरिंग स्तर पर भी गंभीर लापरवाही की चर्चा जोरों पर है।

- बिना फाइनल बिल के ही सड़क की उखड़ रही धज्जियां

मामले में पूछे जाने पर जूनियर इंजीनियर ऋषिकेश दास ने सफाई देते हुए कहा कि सड़क के नीचे पहले से पाइपलाइन बिछी हुई है और भारी गाड़ियों के मुड़ने से क्षति हुई है। हालांकि तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि लंबे हिस्से में सड़क बुरी तरह से उखड़ गई है। जानकारों का कहना है कि पुराने मार्ग पर इस तरह की कोई शिकायत नहीं थी, इसलिए पाइपलाइन का तर्क पूरी तरह संतोषजनक नहीं लगता। नकारी के अनुसार करीब 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण कार्य अभी पूरी तरह से संपन्न भी नहीं हुआ है और पहले ही इसकी यह दुर्दशा सामने आ चुकी है। बिना फाइनल बिल बने सड़क का इस स्थिति में पहुंचना विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यदि नई सड़क बारिश की एक ही सीजन नहीं झेल पाई तो आने वाले वर्षों में इसकी हालत क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

### विभागीय साठगांठ के आरोप

स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का आरोप है कि यह मामला विभागीय सांठगांठ और निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि योजना और डिजाइनिंग की फाइलों की गहन जांच कराई जानी चाहिए ताकि वास्तविकता सामने आ सके। जानकारी के अनुसार इस सड़क को जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को सौंपा जा सकता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ही प्रश्नचिह्न हैं, तो आगे इसका रखरखाव कैसे किया जाएगा।

### यशस्वी जशपुर अंतर्गत कलेक्टर ने प्राचार्यों की ली समीक्षा बैठक

# बच्चों को अच्छे परिणामों के साथ विज्ञान के क्षेत्र में आगे आने करें प्रोत्साहित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में यशस्वी जशपुर अंतर्गत प्राचार्यों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में स्कूलों में व्यवस्था सुधार करने हेतु उन्होंने विद्यालयवार सभी प्राचार्यों से उनके कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने अपने ग्राम के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर प्रतिदिन स्कूल में उपस्थिति के संबंध में उन्हें व्हाट्सप्प या अन्य माध्यम से जागरूक करते हुए जन भागीदारी से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को कहा। उन्होंने अब तक पूर्ण किये गए पाठ्यक्रम की स्थिति की समीक्षा करते हुए तिमाही परीक्षाओं तक आधे से अधिक पाठ्यक्रम को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। स्कूलों में प्रायोगिक कक्षाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने अटल टिकरिंग लैब एवं सभी प्रयोगशालाओं को व्यवस्थित कर उनमें आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए एवं नियमित रूप से प्रयोग करवाने को कहा। उन्होंने अजीज प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा शासकीय स्कूलों से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्नातक या डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं के लिए लाई गई स्कॉलरशिप योजना में सभी पात्र बालिकाओं का पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपने विकासखण्ड में स्थित महाविद्यालयों से संपर्क कर पात्र बालिकाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विज्ञान संकाय में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विज्ञान प्रतिभा खोज अंतर्गत विद्यार्थी विज्ञान मंथन द्वारा स्कॉलरशिप प्राप्ति हेतु पंजीयन करवाने तथा इंस्पायर अवार्ड के तहत उनका पंजीयन करवाने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ आने वाले स्कूलों की नियमित जांच करने को कहा। उन्होंने स्थापित किये जा रहे संकल्प स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी को सुव्यवस्थित करने एवं इनका नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभा साइंस क्लब निर्माण, डिजिटल क्लास रूम संचालन, अटल टिकरिंग लैब संचालन एवं लाइब्रेरी के प्रबंधन हेतु नियुक्त किये गए नोडल अधिकारियों को उनके कर्तव्यों का पालन ना करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न कार्यों के निष्पादन में निष्क्रियता के लिए प्रगति आने तक सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों में शिक्षा के स्तर को उठाने के लिए सभी प्राचार्यों को नियमित रूप से विद्यालय में संचालित कक्षाओं का निरीक्षण कर समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों को प्रदान किये गए विज्ञान किट, खेल समाग्री एवं पुस्तकों को बच्चों को वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्राचार्यों को बच्चों को अनुशासन सिखाने को कहा। कलेक्टर ने विभा विज्ञान क्लब के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सुघ्घर विद्यालय अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। जिसके तहत राज्य स्थापना दिवस के पूर्ण सभी स्कूलों के खराब समानों का निस्तारण के साथ विद्यालय को स्वच्छ एवं सुसज्जित भी किया जाएगा। जिसकी जांच निष्पक्ष अधिकारियों द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर करते हुए उन्हें पुरुस्कृत भी किया जाएगा।

- विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए चलाया जाएगा सुघ्घर विद्यालय अभियान

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदिकर्मयोगी अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले में मनाया जा रहा है। जिले के 417 ग्राम में ग्राम स्तर पर समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए "आदि सेवा केंद्र"की स्थापना की जा रही है।

इन सेवा केंद्रों का उद्देश्य स्थानीय लोगों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से सीधे जोड़ना तथा उन्हें समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभान्वित करना है। इन आदि सेवा केन्द्रों में सभी विभागों के प्रमुख के बारे में जानकारी अंकित की जाएगी । यहां शिकायत निवारण पंजी भी होगी जिसमे



ग्रामीणजन अपनी समस्या लिखेंगे जिसका निश्चित समय में निवारण करना अनिवार्य है। इस अभियान की सबसे खास बात यह है कि जिले के 417 गाँवों में ग्राम कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ग्राम कार्ययोजना ग्रामीण विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करेगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पोषण, कृषि, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं के कौशल विकास जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।



# प्रभास की फौजी में अभिषेक की एंट्री!

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे। हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है।



लाइफ Style

# दीपिका

## कल्कि 2898 एडी के सीक्वल से हुईं बाहर

एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म ए22 x ए6 के चलते चर्चाओं में बनी दीपिका पादुकोण को लेकर अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है। संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से काम के घंटों और फीस को लेकर बाहर होने वाली दीपिका अब एक और बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी'के सीक्वल से भी बाहर हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बात की जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा की है। गुरुवार को वैजयंती मूवीज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान के जरिए इस बात की घोषणा की कि दीपिका पादुकोण अब कल्कि के सीक्वल का हिस्सा नहीं हैं। इस पोस्ट में लिखा गया, यह आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाती है कि दीपिका पादुकोण 'कल्कि 2898एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। काफी विचार-विमर्श के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म बनाने के लंबे सफर के बावजूद, हम साझेदारी नहीं कर पाए। कल्कि 2898एडी जैसी फिल्म उस प्रतिबद्धता और उससे भी कहीं अधिक की हकदार है। हम उनके भविष्य के काम के लिए शुभकामनाएं देते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण ने गर्भवती महिला सुमति का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके होने वाले बेटे को ही कल्कि अवतार के तौर पर दिखाया जा रहा है। फैंस को दीपिका का किरदार काफी पसंद आया था और उनके अभिनय की भी तारीफ हुई थी। अब कल्कि के सीक्वल से दीपिका पादुकोण के अचानक बाहर किए जाने से उनके फैंस हैरान हैं।

हॉलीवुड मसाला



# रोमांटिक ड्रामा सीरीज की हुई एंडिंग

**लॉस एंजिल्स।** तीन सीजन तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अमेरिकन रोमांटिक ड्रामा सीरीज 'द समर आई टर्न्ड प्रिटी' आखिरकार अपने आखिरी एपिसोड तक पहुंच गई। ग्यारहवें एपिसोड के साथ ही ना सिर्फ कहानी का द एंड हुआ, बल्कि एक हैप्पी एंडिंग देकर मेकर्स ने फैंस को भी खुश कर दिया। इस दौरान फैंस जिन सवालों का बेसब्री से जवाब ढूंढ रहे थे, वो भी उन्हें मिल गया। आखिरी एपिसोड की शुरुआत पेरिस से होती है, जहां बेली और कॉनराड की अंजाने में मुलाकात होती है।



# डेमन स्लेयर ने पार किया 50 करोड़ का आंकड़ा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहीरो वाली फिल्मों को देखने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग भारत में मौजूद है। साथ ही जापानी एनिमे सीरीज, फिल्मों की फैन फॉलोइंग भी अच्छी-खासी है। हाल ही में रिलीज हुई जापानी एनिमे फिल्म 'डेमन स्लेयर' को भारत में अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 50.87 करोड़ रुपएहो चुका है। एनिमे फिल्म डेमन स्लेयर का रिलीज से पहले कोई प्रमोशन नहीं हुआ। लेकिन, एनिमे फिल्म देखने वालों में सबसे बड़ा दर्शक वर्ग जेन जी है। इस पीढ़ी के बीच एनिमे फिल्म जॉनर काफी पॉपुलर है। इसी ऑडियंस की वजह से फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों में कमाई कर रही है। डेमन स्लेयर एक एनिमे जॉनर में बनी है। इसमें गजब का एक्शन, फाइट सीन्स दर्शकों को रोमांचित करते हैं। सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म की खूब चर्चा है।



# सफेद ड्रेस में शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

**मुंबई।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'से ओटीटी की दुनिया में बतौर निर्देशक एंट्री कर रहे हैं। उनका पहला शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड गुरुवार से स्ट्रीम हो रहा है। इससे पहले शो की स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की। इस दौरान अभिनेत्री आलिया भट्ट भी पति व अभिनेता रणबीर कपूर के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचीं। इवेंट में जाने से पहले आलिया ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। अब इन तस्वीरों पर दीपिका पादुकोण के कमेंट ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आलिया 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में सफेद रंग की रिवीलिंग कट-आउट ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने साथ में एक मैचिंग का शानदार हैंडबैग भी पकड़ा था।



# सनी संस्कारी... से परफेक्ट गाना रिलीज...

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। गुरुवार को फिल्म का एक नया गाना 'परफेक्ट' रिलीज किया गया है। इस गाने में पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा भी नजर आ रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है। इसका संगीत और बोल गुरु, गिल मछराई और रोनी अजंली ने बनाए हैं। दिलमान ने इसे प्रोड्यूस किया है। परफेक्ट गाने में जान्हवी का हॉट लुक और वरुण का धमाकेदार डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसका लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के अलावा रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल ने भी अहम भूमिका निभाई है।

टीवी मसाला



# दिव्यांग आईएएस ऑफिसर की बात सुन भावुक हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड टीवी का फेमस क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' इन दिनों काफी सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी के सीजन 17 ने भी अब तक कई कंटेस्टेंट को मालामाल बना दिया है। इसी बीच अब शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी चर्चा में बना हुआ। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीतकर हॉट सीट पर दृष्टिबाधित कंटेस्टेंट आयुषी हॉट सीट पर पहुंचीं। अमिताभ ने पूरी गर्मजोशी के साथ आयुषी का स्वागत किया। इस दौरान आयुषी ने कुछ ऐसा कहा जिसे सुनने के बाद शो को होस्ट यानी बिग बी को भी भावुक कर दिया। आयुषी ने अमिताभ बच्चन को केबीसी से अपने गहरे जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी फैमिली उन्हें हमेशा सेट के बारे में बताती थी कि वो कैसा दिखता है। आयुषी ने कहा, 'जब से यह शो शुरू हुआ है, मेरा पूरा परिवार इसे देखता है और मुझे बताता है कि सेट कैसा दिखता है, लाइटिंग कैसी होती है, और आप हर कंटेस्टेंट को कैसे सहज महसूस कराते हैं। मैं अभी बहुत सहज महसूस कर रही हूं। यह शो मेरे लिए एक एहसास है।' आयुषी ने आगे बताया कि भले ही अपनी आंखों से अमिताभ बच्चन को पर्सनली नहीं देख सकती हैं, लेकिन उन्हें हमेशा बिग बी के आकर्षक रूप और आकर्षक व्यक्तित्व के बारे में बताया जाता रहा है। आयुषी ने कहा, 'लोग अक्सर मुझे आपके बारे में बताते हैं, आप कितने लंबे हैं, आपके आकर्षक चेहरे-मोहरे और आप कितने सुंदर दिखते हैं।' आयुषी की बातें सुनकर अमिताभ बच्चन बेहद प्रभावित और भावुक हो उठे। उन्होंने कहा,'हम बहुत भाग्यशाली हैं कि आप आज हमारे साथ हैं।'

## अनुपमा और तुलसी में फिर छिड़ी टीआरपी की जंग

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का पॉपुलर शो अनुपमा लगातार तीसरे हफ्ते नंबर वन बना हुआ है। शो को इस बार 2.4 की टीआरपी मिली है। लीड



किरदार अनुपमा की जिंदगी के उतार-चढ़ाव और पारिवारिक संघर्ष ने दर्शकों को बांधे रखा है। रुपाली गांगुली के दमदार अभिनय और कहानी में लगातार आ रहे ट्विस्ट और टर्न्स की वजह से ये शो हर हफ्ते दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। अनुपमा के बाद स्मृति ईरानी का चर्चित शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर रहा। बीते हफ्ते टीआरपी में थोड़ा पिछड़ने के बाद इस बार शो ने 2.0 की रेटिंग हासिल की है। पुराने दर्शकों की नॉस्टैल्जिक फीलिंग्स और नई पीढ़ी के लिए मॉडर्न ट्विस्ट इस शो को फिर से लोकप्रिय बना रहे हैं। तीसरे नंबर पर भी स्टार प्लस का ही सुपरहिट शो ये रिश्ता क्या कहलाता है रहा।

# हॉलीवुड स्टार को बॉलीवुड से 530 करोड़ का ऑफर

**मुंबई।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। दिलचस्प बात ये है कि उन्हें इस फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की फीस ऑफर की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एक प्रोडक्शन कंपनी सिडनी स्वीनी की इंटरनेशनल इमेज का इस्तेमाल करना चाहती है। इसीलिए उन्हें एक फिल्म के लिए 45 मिलियन पाउंड यानी 530 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया है। इसमें 415 करोड़ रुपए फीस के तौर पर और 115 करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप डील शामिल है। हालांकि, अभी तक सिडनी ने इस ऑफर को एक्सेप्ट किया है या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पर कहा जा रहा है कि इतना बड़ा ऑफर अमाउंट देखकर वो खुद काफी हैरान हैं।



### सबसे महंगी इंडियन फिल्म

ये भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी। सिडनी एक अमेरिकन स्टार का किरदार निभाएंगी, जिसे एक इंडियन सेलिब्रिटी से प्यार हो जाता है। शूटिंग के बारे में कहा जा रहा है कि ये साल 2026 में शुरू होगी। लंदन, दुबई, न्यूयॉर्क और पेरिस में इसे फिल्माया जाएगा।

### कौन हैं सिडनी स्वीनी?

वो अमेरिकन एक्ट्रेस हैं। उनका पूरा नाम सिडनी स्वीनी है। 12 सितंबर 1997 को जन्मीं सिडनी 28 साल की हैं। उत्साह ड्रामा सीरीज से उन्हें पहचान मिली। 2019 में वो 'वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड' में नजर आई थीं। फिर 'एनिवन बट यू' में देखा गया। 2024 में वो सुपरहीरो फिल्म मैडम वेब में नजर आई थीं।

# बॉलीवुड के वो स्टार्स जिनका पाक में हुआ जन्म

## भारत में आने के बाद फिर फिल्मों में मचाया तहलका

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई ऐसे एक्टर्स थे और हैं जिनका जन्म पाकिस्तान में हुआ था। हालांकि जब वे भारत शिफ्ट हुए और फिल्मों में काम किया तो लोगों का खूब दिल जीता है।

**राज कपूर :** बॉलीवुड के शोमैन से पॉपुलर राज कपूर का जन्म सृष्टि नाथ कपूर के रूप में 14 दिसंबर 1924 को कपूर हवेली में हुआ था, जो ब्रिटिश भारत के पेशावर के किस्सा ख्वानी बाजार मोहल्ले में उनके दादा का निवास था। उनके पैरेंट्स पृथ्वीराज कपूर और रामसरणी देवी कपूर थे।

**सुनील दत्त :** सुनील दत्त का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। वह ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के झेलम जिले के नक्का खुर्द से थे। उनका जन्म के समय का नाम बलराज दत्त था।

**दिलीप कुमार :** बॉलीवुड के ट्रेजेडी किंग के रूप में मशहूर दिलीप कुमार का जन्म 1922 में पेशावर में मोहम्मद यूसुफ खान के रूप में हुआ था। उन्हें भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण



और पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार निशान-ए-इम्तियाज से सम्मानित किया गया था।

**अमरीश पुरी :** अमरीश पुरी बॉलीवुड के पॉपुलर विलेन में से एक थे। अमरीश का जन्म नवांशहर, पंजाब (अब पाकिस्तान में) में एक पंजाबी हिंदू परिवार में लाला निहाल चंद और वेद कौर के घर हुआ था।

**सुरेश ओबेरॉय :** सुरेश ओबेरॉय का जन्म 17 दिसंबर 1946 को क्वेटा, तत्कालीन ब्रिटिश राज के बलूचिस्तान प्रांत (वर्तमान में बलूचिस्तान, पाकिस्तान) में आनंद सरूप ओबेरॉय और करतार देवी के घर हुआ था। पार्टिशन के बाद उनका परिवार 4 भाइयोंऔर बहनों के साथ इंडिया शिफ्ट हो गया था और हैदराबाद रहने लगे थे।

**शेखर कपूर:** फिल्ममेकर शेखर कपूर का जन्म पाकिस्तान, लाहौर में हुआ था। उनकी पॉपुलर फिल्मों में से एक हैं मिस्टर इंडिया, मासूम और बैंडिट क्वीन।

**गुलजार :** राइटर गुलजार का जन्म ब्रिटिश भारत के झेलम जिले के दीना में एक सिख परिवार में संपूर्ण सिंह कालरा, माखन सिंह कालरा और सुजान कौर के घर हुआ था।

## ओटीटी और थिएटर में चलेगा कोर्टरूम ड्रामा, ऑडियंस नहीं होगी बोर

# ओटीटी-थियटर पर इस सप्ताह रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। शुक्रवार का दिन एक्टर से लेकर फिल्ममेकर्स तक के लिए बेहद इम्पोर्टेंट होता है, क्योंकि इस दिन कई बड़ी फिल्में और सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और थिएटर्स में हर हफ्ते रिलीज होती हैं। सितंबर का तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जो फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं, उसमें कॉमेडी से लेकर सस्पेंस और क्राइम हर फ्लेवर ऑडियंस को मिलने वाला है।*

**जॉली एलएलबी -3 :** 19 सितंबर शुक्रवार को रिलीज होने वाली फिल्मों में सबसे पहला नाम अक्षय कुमार-अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म जॉली एलएलबी 3 है। इस फिल्म में डबल ट्रबल होगा, क्योंकि इस बार अरशद-अक्षय मिलकर जज त्रिपाठी की नाक में दम करेंगे। ये फिल्म थिएटर में रिलीज होगी।

**द ट्रायल सीजन-2 :** काजोल एक बार फिर से लीगल कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'द ट्रायल सीजन-2' में नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। वह इस सीजन में अपने पति की हरकतों की वजह से कानूनी रूप से कई और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राजीव पॉलिटिक्स में वापसी करना चाहता है, जिसके लिए वह अपनी पत्नी नोयोनिका से मदद मांगता है। अब नोयोनिका उसकी मदद करेगी या नहीं, इसके लिए तो आपको ये सीरीज 19 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर देखनी होगी।




**टू मैन :** ये एक मलयालम साइकोलॉजिकल थ्रिलर मूवी है, जिसमें निषाद, डॉनी डार्विन, इरशाद अली ने मुख्य भूमिका निभाई है। टू मैन 2 ऐसे अलग लोगों की कहानी है, जिनकी जिंदगी के अलग-अलग मकसद हैं। फिल्म की पूरी कहानी 24 घंटे के समय में गढ़ी गई है। ये फिल्म आप मनोरमामैक्स पर देख सकते हैं।

**हाउसमेट्स :** हाउसमेट्स एक तमिल हॉरर कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें दर्शन, काली वेंकट, विनोधिनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 1 अगस्त 2025 में रिलीज हुई ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की कहानी नए नवेले शादीशुदा कपल कार्तिक और अनु की है, जो अपने सपनों के घर में शिफ्ट होते हैं, लेकिन उनकी खुशी तब डर में बदल जाती है, जब उनके सामने अजीबो-गरीब चीजें होती हैं। इस फिल्म को आप जी 5 पर देख सकते हैं।

**अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी :** अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी भी रिलीज के लिए तैयार है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम आदित्यनाथ योगी की लाइफ पर बेस्ड फिल्म है। मूवी का निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। फिल्म की कहानी शांतनु गुप्ता की किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से इंस्पायर है। मूवी को आप 19 सितंबर को थिएटर में देख सकते हैं।

***शी सैड मे बी :*** *जर्मन रॉम-कॉम फिल्म की कहानी एक यंग वुमन मावी की है, जिसकी नॉर्मल सी लाइफ में उथल-पुथल तब मचती है, जब उसे ये पता चलता है कि वह तुर्किये के एक समृद्ध परिवार से ताल्लुक रखती है। अब अपने प्यार और नए परिवार की जिम्मेदारी के बीच वह कैसे अपनी लाइफ को बैलेंस करेगी, कहानी इस बारे में है। इस कॉमेडी मूवी को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।*

***स्वाइप्ड :*** *इस बायोग्राफिकल फिल्म की कहानी अमेरिकन एंटरप्रेन्योर व्हिटनी वोल्फ हेर्ड की है, जो बंबल का फॉदर है और टिंडर का को-फाउंडर है। उन्होंने अलग-अलग डेटिंग एप लॉन्च करके मेल डोमिनेटिंग टेक इंडस्ट्री में कदम रखा है। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

***पुलिस-पुलिस :*** *इस कॉमेडी ड्रामा सीरीज की कहानी इंस्पेक्टर अर्जुन की है, जो एक चालाक अपराधी रवि को अपनी टीम में सीक्रेटली शामिल कर लेटा है। वह उससे मिलने वाली जानकारी से बड़े से बड़े क्राइम केस को सुलझा लेटा है। इस सीरीज में सेंथिल कुमार, जयसीलन थंगवेल और शबाना शाहजहां मुख्य भूमिका में हैं। इस सीरीज को भी आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### विधायक लालजीत सिंह राठिया ने दी सौगातें

**धरमजयगढ़।** कांग्रेस के विधायक लालजीत सिंह राठिया ने नगरवासियों को अब तक कई बड़ी सौगातें दी हैं। समाजिक जरूरतों को देखते हुए साहू, मेहर और ईसाई समाज के लिए सामुदायिक हॉल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं महकुल, सिख, अघरिया, सर्व यादव और कंवर समाज के लिए भी विवाह और मंगल कार्य हेतु प्रमुख स्थान पर सरकारी जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा बस स्टैंड दुर्गा पंडाल, नीचेपारा पंडाल को स्थायी स्वरूप देने के साथ ग्राउंड समिति हेतु कार्यालय की व्यवस्था की गई है। भगवान विश्वकर्मा की पूजा के लिए भव्य विश्वकर्मा मंच और बंग समाज के लिए काली पूजा मंच का निर्माण कराया गया है।

### 82 लोगों को मिले खोए मोबाइल, दो हफ्तों में बरामदगी

**राउरकेला।** पुलिस की सतर्कता और तकनीकी दक्षता का एक और उदाहरण सामने आया है। राउरकेला पुलिस ने बड़ी सफलता अर्जित करते हुए शहर के 82 लोगों को उनके खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन वापस दिलाए। पुलिस की इस पहल से न केवल आम जनता को राहत मिली है बल्कि पुलिस के प्रति भरोसा भी और मजबूत हुआ है। पिछले डेढ़ वर्ष में चोरी या गुमशुदा हुए मोबाइलों की तलाश में पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। साइबर पुलिस थाना और विभिन्न थानों की संयुक्त कार्रवाई के तहत केवल दो सप्ताह में यह बड़ी बरामदगी संभव हो पाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद मोबाइलों की कीमत 15 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए। इस अवसर पर डीआईजी बृजेश राय और एसपी नितेश वाधवानी मौजूद रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने साझा रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह उपलब्धि साइबर पुलिस की तकनीकी मदद और पुलिस टीम की सक्रियता का परिणाम है।

### कलेक्टर से मिले मां बंजारी समिति के कार्यकर्ता

**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्व सर्व शक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर्व 70 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु 19 सितंबर शुक्रवार को रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी जी से माँ बंजारी धाम समिति सदस्य कार्यकर्ता मिलकर नवरात्र पर्व के सम्बन्ध में चर्चा परिचर्चा की गई। दीप प्रज्वलन शुभारंभ नवरात्र पर्व का न्यौता दिया गया। बता दें कि बंजारी माई की कृपा से परंपरा अनुसार नवरात्रि पर्व में मां बंजारी देवी नवदुर्गा की पूजा अर्चना अखंड मनोकामना दीप प्रज्वलित की जाती है इस वर्ष 21 सितंबर रविवार को विशाल कलश यात्राए 22 सितंबर को मनोकामना दीप प्रज्वलन शुभारंभए1 अक्टूबर को सामुहिक हवन पूजन विशाल महाभण्डारा की जाएगी। श्री बंजारी मांई की असीम कृपा और कलेक्टर रायगढ़ मयंक चतुर्वेदी के कुशल दिशा निर्देशन में श्री बंजारी माई धाम में नवनिर्माण, मंदिर का रंग रोगन अन्य नवरात्र पर्व में विभिन्न व्यवस्था की जा रही है। रायगढ़ कलेक्टर चतुर्वेदी से 22 सितंबर को मनोकामना दीप प्रज्वलन शुभारम्भ में पधारने आग्रह किया गया। जिस पर उन्होंने माँ बंजारी धाम में दीप प्रज्वलन शुभारम्भ में आने की बात कही। उन्होंने माँ बंजारी धाम मे नवरात्र पर्व व्यवस्था तैयारियों की जानकारी ली।

### अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल का समापन

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश एवं सीएससीएस के आदेशानुसार जिला क्रिकेट संघ द्वारा रायगढ़ स्टेडियम में अंडर 16 क्रिकेट टीम का ट्रायल संपन्न हुआ। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि रायपुर से ऑब्जरवर अमरजीत कलसी के निर्देशन में चयनकर्ता पंकज बोहिदार एवं अभिषेक गुप्ता के द्वारा बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के आधार पर ट्रायल लिया गया। ट्रायल के दौरान जिला क्रिकेट सचिव रामचन्द्र शर्मा, ऑब्जरवर अमरजीत कलसी, अंपायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, वरिष्ठ खिलाड़ी महेश दधीचि, चंद्रेश यादव, अमित कुंवर, सचिन चौहान, चंद्रहास दुबे, शरद यादव आदि मौजूद रहे।

## यात्रियों के लिए त्रासदी का ठिकाना बना केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड, निगम को नहीं है चिंता

# जाम, गंदगी और बदहाल बाथरूम, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड की बदहाली से मुसाफिर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर का मुख्य केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड यात्रियों के लिए लगातार परेशानी का केंद्र बन चुका है। जाम, गंदगी और बदहाल बाथरूम ने इस पुराने बस स्टैंड को सफर करने वालों के लिए नरक बना दिया है। छोटा क्षेत्र और उचित योजना न होने के कारण बसें समय पर नहीं निकल पातीं और यात्री घंटों बस पकड़ने के लिए इंतजार करते रहते हैं।

हालांकि निगम प्रशासन समय-समय पर सफाई अभियान का दावा करता है। लेकिन वास्तविकता बिल्कुल अलग है। परिसर में गंदगी का ढेर लगा रहता है और बदबू फैलने वाले बाथरूम महिला यात्रियों और बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। लंबा सफर करने के बाद थके हुए यात्री बुनियादी सुविधाओं के अभाव में और अधिक परेशान हो जाते हैं। परिसर में जगह जगह गंदगी का ढेर लगा रहता है। बाथरूम पूरी तरह से बदहाल हैं, जहां से लगातार बदबू आती है। महिला यात्रियों और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



### चार राज्यों के लिए चलती हैं बसें

उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और ओडिशा के लिए यहाँ से बसें चलती हैं। मगर बस स्टैंड में यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। रोजाना यहां से सैकड़ों बसें तो निकलती हैं, लेकिन यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। गंदगी, जाम और पार्किंग की अव्यवस्था ने इस बस स्टैंड की हालत बद से बदतर कर दी है। शहर का केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड हर दिन हजारों यात्रियों की आवाजाही का केंद्र है, लेकिन अव्यवस्थाओं के कारण यहां सफर करने वालों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

### पार्किंग है पर गाड़ियां फिर भी स्टैंड में

बस स्टैंड परिसर में पार्किंग की व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद कई वाहन चालक सीधे मुख्य स्टैंड में गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इस लापरवाही के कारण यात्रियों को बसों तक पहुंचने में कठिनाई होती है, और अंदर हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है। गाड़ियों के बीच से निकलना यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वहीं महिला और बुजुर्ग यात्रियों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### रायगढ़ का सबसे पुराना बस स्टैंड होने के बावजूद बदहाल

यह बस स्टैंड रायगढ़ का सबसे पुराना है। लेकिन वर्षों से इसकी दशा जस की तस बनी हुई है। समय समय पर मरम्मत और कायाकल्प की बातें जरूर उठती हैं मगर जमीनी स्तर पर किसी तरह का सुधार नहीं हो पाया है। न तो यहां बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया गया और न ही साफ-सफाई पर। नतीजा यह है कि यह बस स्टैंड आज भी बदहाली और अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है।

### मूलभूत सुविधाओं का अभाव

यहाँ बाथरूम मे हर वक्त गंदगी और पानी जमा रहने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। महिला यात्रियों और बच्चों के लिए स्थिति और भी कठिन हो जाती है, क्योंकि बदबू और अस्वच्छता की वजह से उनका रुकना मुश्किल हो जाता है। दूर दराज से लंबा सफर करके आने वाले यात्रियों को भी सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। थकान के बाद जब उन्हें जरूरी सुविधाओं की सबसे ज्यादा जरूरत होती है तभी बस स्टैंड पर बदहाल बाथरूम उनकी मुसीबत बढ़ा देते हैं।

### ऑटो की वजह लगता है जाम

केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में हर वक्त अव्यवस्था का आलम बना रहता है। ऑटो चालक अपनी गाड़ियां स्टैंड के अंदर खड़ी कर देते हैं। जिससे बसों को निकलने में परेशानी होती है। नतीजतन सड़कों पर जाम लगता है और यात्रियों समेत आम लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है।

### सफाई के दावे के बावजूद बागमुड़ा तालाब में जलकुंभी का साम्राज्य



**घरघोड़ा।** नगर का ऐतिहासिक बागमुड़ा तालाब एक बार फिर सुर्खियों में है। कुछ समय पहले नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में तालाब की सफाई अभियान की बड़ी घोषणा की गई थी। भारी मशीनों के साथ सफाई का काम शुरू किया गया, जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और फोटो खिंचवाकर यह संदेश दिया गया कि अब तालाब अपनी पुरानी पहचान वापस पाएगा। हालांकि, वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। तालाब की सतह पर जलकुंभी का कब्जा है और पानी का नामोनिशान भी मुश्किल से दिखाई दे रहा है। दूर-दूर तक फैली हरियाली खेत की नहीं, बल्कि जलकुंभी की है। स्थानीय लोग इस स्थिति को देखकर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि सफाई अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया और स्थायी व्यवस्था तथा निगरानी के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

## एपीएल का फाइनल, टीम बाघमारे ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत चंद्रपुर में आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला गुरुवार रात को खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम बाघमारे ने धाकड़ बल्लेबाज टीम को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

फाइनल में टॉस जीतकर टीम बाघमारे के कप्तान शुभम अग्रवाल ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। धाकड़ बल्लेबाज टीम की ओर से कप्तान अमन अग्रवाल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 30 रन बनाए और टीम को 50 रन के स्कोर तक पहुँचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम बाघमारे की ओर से रानू अग्रवाल ने महज 2 ओवर में ही मैच को खत्म कर दिया। उनके शानदार प्रदर्शन के चलते टीम ने आसानी से जीत दर्ज की। रानू अग्रवाल को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। विजेता टीम को 11,000 रुपये नकद और चमचमाती ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 7,100 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। इस पूरे आयोजन की जिम्मेदारी अतुल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, पूनम अग्रवाल और ईशान अग्रवाल ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान सोनू अग्रवाल और मुन्ना ने अपनी बेहतरीन कमेंट्री से दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

## गारे-पल्मा सेक्टर 2 कोयला खदान का उद्घाटन, संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) ने तमनार तहसील में स्थित गारे-पल्मा सेक्टर II (GP-II) कोयला खदान का कार्य प्रारंभ किया। खदान के बॉक्स कट गतिविधि की शुरुआत महाजेनको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बी. राधाकृष्णन की उपस्थिति में की गई।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) मनीष विश्वनाथ वाघिरकर, निदेशक अभय हरने, कार्यकारी निदेशक नितिन वाघ, पंकज सपाटे, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी और समस्त टीम उपस्थित रहे। महाजेनको ने इस परियोजना के लिए सभी आवश्यक पर्यावरणीय, वन, खनन और प्रशासनिक अनुमतियाँ प्राप्त कर ली हैं। आज खदान का विधिवत शुभारंभ किया गया और संचालन की सभी आवश्यक अनुमतियों के तहत बॉक्स कट गतिविधि स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। खदान से कोयले का निष्पादन जनवरी माह से करने की योजना है। GP-II कोयला खदान परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे बड़ी खदानों में से एक है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.6 मिलियन टन है। यह खदान महाराष्ट्र राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, विशेष रूप से चंद्रपुर, कोराडी और पारली जैसे थर्मल पावर प्लांट्स को कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इससे राष्ट्रीय ग्रिड को 3200 मेगावाट से अधिक बिजली प्राप्त होगी।

महाजेनको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बी. राधाकृष्णन ने इस अवसर पर कहा कि रोजगार सृजन, राजस्व वृद्धि और सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के लिए कंपनी सतत योगदान देगी। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए महाजेनको ने 32 वर्षों में 2256.60 हेक्टेयर क्षेत्र में 56.4 लाख स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाने का संकल्प लिया है।

## कमिश्नर ने पोरथधाम में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



पोरथ को तीर्थ पर्यटन स्थल घोषित करने की उठी मांग

बिलासपुर संभाग के कमिश्नर सुनील कुमार जैन शुक्रवार की सुबह पोरथधाम पहुंचे। उन्होंने यहां एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और प्रसिद्ध स्वयंभू शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी भी उनके साथ मौजूद थे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चित्रोत्पला महानदी पर्यटन समिति रायगढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। समिति का उद्देश्य महानदी के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत सुरसी में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष हेमलता चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि पोरथधाम जैसे तीर्थ स्थल क्षेत्र के पर्यटन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान अंचलवासियों ने शासन-प्रशासन से यह मांग रखी कि ग्राम तोरा से लेकर चंद्रपुर तक महानदी किनारे तटबंध और सड़क का निर्माण किया जाए। ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से पोरथधाम को आधिकारिक रूप से तीर्थ पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की। सरपंच नदीगांव गौरी शंकर विश्वाल ने बताया कि ग्रामीण सड़क निर्माण के लिए भूमि देने को तैयार हैं। इस अवसर पर खरसिया विधानसभा क्षेत्र के छाया विधायक महेश साहू ने भी पोरथधाम के महत्व पर प्रकाश डाला।

## 5 रुपए की अतिरिक्त वसूली, कंपनी को चुकाने होंगे 6005 रुपए




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**रिटेल आउटलेट में एमआरपी से ज्यादा वसूलने का मामला, आयोग ने लगाया जुर्माना**

जिला उपभोक्ता आयोग रायगढ़ ने रिलायंस रिटेल लिमिटेड पर सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया है कि वह उपभोक्ता से वसूले गए अतिरिक्त पांच रुपए के साथ मानसिक क्षति और वाद व्यय मिलाकर कुल 6,005 रुपए 45 दिनों के भीतर अदा करे।

दरअसल, रायगढ़ निवासी सुरेश सिंह ने 17 अप्रैल 2025 को गौशाला रोड स्थित रिलायंस स्मार्ट स्टोर से गुड लाइफ पोहा सुपर फाइन खरीदा था। पैकेट पर अधिकतम खुदरा मूल्य 75 रुपये अंकित था। लेकिन बिल में उनसे 80 रुपये वसूले गए। उपभोक्ता ने इस विसंगति की शिकायत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में की। आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कंपनी ने न तो राशि लौटाई और न ही संतोषजनक समाधान दिया। रिलायंस रिटेल ने आयोग में दलील दी कि उपभोक्ता ने कुल 4,155 रुपये का सामान खरीदा था। बिलिंग मशीन में तकनीकी खराबी के कारण पोहा की कीमत 75 की जगह 80 रुपये दर्ज हो गई। कंपनी ने ईमेल के माध्यम से खेद प्रकट करते हुए उपभोक्ता को स्टोर आकर पांच रुपए लेने का आग्रह किया था। लेकिन उपभोक्ता सीधे फोरम पहुंच गए।

### समय पर भुगतान नहीं देने से पटाना होगा ब्याज

आयोग ने पाया कि पोहा पैकेट पर अंकित एमआरपी और बिलिंग राशि में अंतर स्पष्ट है। तकनीकी खराबी का दावा कंपनी साबित नहीं कर सकी। आयोग ने माना कि छोटी राशि होने पर भी यह उपभोक्ता अधिकारों और अनुचित व्यापार प्रथा से जुड़ा गंभीर मामला है। आयोग ने आदेश दिया कि उपभोक्ता को पांच रुपए के साथ मानसिक क्षति हेतु 5,000 रुपये और वाद व्यय 1,000 रुपये दिए जाएं। समय पर भुगतान न होने पर पांच रुपए पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

### स्काई एलॉयज ने टेमटेमा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**खरसिया।** स्काय एलॉयज एंड पावर लिमिटेड द्वारा ग्राम टेमटेमा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 145 से अधिक मरीजों का उपचार किया गया और उन्हें आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क वितरित की गईं। शिविर में कंपनी के दो अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे जिनमें डॉ. टेकलाल पटेल ने कान, नाक और गले से संबंधित 100 से अधिक मरीजों का परीक्षण व उपचार किया।

## विश्वकर्मा जयंती पर भंडारे का आयोजन बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में पूजा-अर्चना के साथ-साथ भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण को एक महत्वपूर्ण परंपरा के रूप में देखा जाता है। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर ने कहा कि महाप्रसाद वितरण किसी भी अनुष्ठान का अभिन्न हिस्सा है। जानकारी के अनुसार पुसौर बस स्टैंड स्थित मां माहेश्वरी एल्युमिनियम एंड स्टील फैब्रिकेशन द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में आयोजक जयंत कसेर द्वारा विधिवत भगवान विश्वकर्मा की तैलिय प्रतिमा की स्थापना की गई। इसके बाद पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। पूजा समापन के बाद महाप्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, स्टाफ एवं उनके परिजन शामिल हुए।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स मॉल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
30 अक्टूबर 2025
20 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026 मकर संक्राति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)